भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
लोक सभा
लिखित प्रश्न सं. †64
सोमवार, 25 नवम्बर, 2024/4 अग्रहायण, 1946 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

आंध्र प्रदेश में पर्यटन का विकास

†64. श्री वाई. एस. अविनाश रेड्डी:

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने आंध्र प्रदेश राज्य में पर्यटन के विकास के लिए कोई योजना और वित्तीय सहायता प्रस्तावित की है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) विकास के लिए चयनित और विचाराधीन परियोजनाओं की संख्या का ब्यौरा क्या है;

(घ) प्रत्येक परियोजना के लिए स्वीकृत/स्वीकृत की जा रही वित्तीय सहायता का ब्यौरा क्या है; और

(ङ) आंध्र प्रदेश राज्य में विशेष रूप से कडप्पा जिले हेतु चिन्हित की गई परियोजनाओं का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

पर्यटन मंत्री (श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत)

(क) से (ड.): पर्यटन मंत्रालय अपनी केंद्रीय क्षेत्र की योजनाओं 'स्वदेश दर्शन (एसडी)' और 'तीर्थ स्थल जीर्णोद्धार एवं आध्यात्मिक, विरासत संवर्धन अभियान' (प्रशाद) के माध्यम से आंध्र प्रदेश राज्य सहित राज्य सरकारों/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों को वित्तीय सहायता प्रदान करके पर्यटन अवसंरचना विकास के उनके प्रयासों को पूरा करता है। पर्यटन मंत्रालय ने आंध्र प्रदेश राज्य में अपनी स्वदेश दर्शन और प्रशाद योजनाओं के तहत 3-3 परियोजनाओं को मंजूरी दी है। इसके अलावा, 'केंद्रीय एजेंसियों को सहायता' नामक अपनी योजना के तहत, पर्यटन मंत्रालय ने आंध्र प्रदेश में 2 परियोजनाओं को मंजूरी दी है। स्वदेश दर्शन, प्रशाद और केंद्रीय एजेंसियों को सहायता की योजनाओं के तहत स्वीकृत परियोजनाओं का विवरण **अनुबंध** में है।

पर्यटन मंत्रालय ने गंतव्य और पर्यटक-केंद्रित दृष्टिकोण अपनाते हुए स्थाई और सुरक्षित पर्यटन स्थलों का विकास करने के उद्देश्य से स्वदेश दर्शन योजना को स्वदेश दर्शन 2.0 (एसडी 2.0) के तौर पर नया रूप दिया है। राज्यों/संघ राज्यक्षेत्र के परामर्श से और योजना

के दिशा-निर्देशों के अनुसार, मंत्रालय ने आंध्र प्रदेश में गंतव्य के रूप में 'गांडिकोटा' और 'अरक्कु-लांबासिंगी' की पहचान की है और 2023-24 में 29.87 करोड़ रुपये की लागत से 'अरक्कु में बोर्रा गुफा अनुभव' परियोजना को मंजूरी दी है।

इसके अलावा, स्वदेश दर्शन 2.0 के अंतर्गत 'चुनौती आधारित गंतव्य विकास' (सीबीडीडी) नामक एक उप-योजना के तहत पर्यटन मंत्रालय ने आंध्र प्रदेश राज्य में प्रशाद योजना के तहत 'नागार्जुन सागर', 'अहोबिलम मंदिर', 'अन्नावरम' और 'वेदगिरी लक्ष्मी नरसिम्हास्वामी मंदिर' की पहचान की है।

******

अनुबंध

श्री वाई. एस. अविनाश रेड्डी द्वारा आंध्र प्रदेश में पर्यटन का विकास के संबंध में दिनांक 25.11.2024 को पूछे जाने वाले लोक सभा के लिखित प्रश्न सं. †64 के भाग (क) से (ड.) के उत्तर में **विवरण**

(i) आंध्र प्रदेश राज्य में स्वदेश दर्शन योजना के तहत स्वीकृत परियोजनाओं की सूची निम्नानुसार है:-

(करोड़ रु. में)

क्र.सं.	**राज्य**	**परिपथ/ स्वीकृति वर्ष**	**परियोजना का नाम**	**स्वीकृत राशि**
1	आंध्र प्रदेश	तटीय परिपथ 2014-15	काकीनाडा - होप आइलैंड - कोरिंगा वन्यजीव अभयारण्य - पसारलापुडी - अडुरु - एस यनम - कोटिपल्ली का विकास	67.83
2	आंध्र प्रदेश	तटीय परिपथ 2015-16	नेल्लोर - पुलिकट झील - उब्बलमाडुगु जल प्रपात - नेलापट्टू - कोठाकोडुरु - मायपाडु - रामतीर्थम - इस्कापल्ली का विकास	49.55
3	आंध्र प्रदेश	बौद्ध परिपथ 2017-18	बौद्ध परिपथ: शालीहुंडम- बाविकोंडा- बोज्जनकोंडा-अमरावती- अनूपु का विकास	35.24

(ii) आंध्र प्रदेश राज्य में प्रशाद योजना के तहत स्वीकृत परियोजनाओं की सूची निम्नानुसार है:-

(करोड़ रु. में)

क्र.सं.	**परियोजना का नाम**	**स्वीकृति वर्ष**	**स्वीकृत लागत**
1	अमरावती में तीर्थयात्री सुविधाओं का विकास	2015-16	27.77
2	श्रीशैलम मंदिर का विकास	2017-18	43.08
3	सिंहाचलम में श्री वराह लक्ष्मी नरसिम्हा स्वामी वारी देवस्थानम में तीर्थ सुविधाओं का विकास	2022-23	54.04

(iii) आंध्र प्रदेश राज्य में पर्यटन अवसंरचना विकास हेतु केन्द्रीय एजेंसियों को सहायता की योजना के तहत स्वीकृत परियोजनाओं की सूची निम्नानुसार है:-

(करोड़ रु. में)

क्र.सं.	**वर्ष**	**परियोजना का नाम**	**एजेंसी**	**स्वीकृत राशि**
1	2017-18	पुट्टापर्थी, आंध्र प्रदेश में साउंड एंड लाइट शो	आईटीडीसी	7.08
2	2018-19	पत्तनम पोर्ट के बाहरी हार्बर में चैनल बर्थ में क्रूज बर्थ का निर्माण	विशाखापत्तनम पोर्ट ट्रस्ट	38.50

******